सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 28.06.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने वाले 03 वाँछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना सैफई पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 27.06.2024 को वादी गुड्डू यादव पुत्र जन्टम सिंह निवासी ग्राम मानिकपुर थाना सैफई जनपद इटावा द्वारा थाना सैफई पर सूचना दी गयी कि वादी का पुत्र रिषभ यादव जो एसआई की तैयारी कर रहा था और इन्द्रपाल के मकान में किराये पर रह रहा था। दिनांक 24.06.2024 को वादी के पुत्र रिषभ द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया गया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है एवं उसकी आत्महत्या के दोषी इन्द्रपाल एवं उसके घर के लोग हैं **। सूचना पर तत्काल थाना सैफई पर मु0अ0सं0 130/2024 धारा 306 भादवि बनाम 05 नामजद पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 27.06.2024 को थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **मु0अ0सं0 130/2024 धारा 306 भादवि से संबंधित अभियुक्त गोपाल उर्फ ओम यादव एवं 02 अभियुक्ता को शिवपुरी शाला के पास से समय 19.20 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. गोपाल उर्फ ओम यादव पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी नई बस्ती शिवपुरी शाला थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
2. 02 अभियुक्ता ।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 130/2024 धारा 306 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरीक्षक श्री कपिल दुबे प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई, उ0नि0 पवन कुमार शर्मा, म0का0 नीलम यादव, म0का0 सोनम पटेल।